आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 27.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 32 संगठनों, व्यक्तियों और समूहों को अल्मोड़ा में सम्मानित किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का अनुरोध किया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने पीएम पोषण योजना के संबंध में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक ली। विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल मैपिंग और ट्रैकिंग तंत्र तैयार करने के निर्देश दिए।
- बागेश्वर में भारतीय भाषाओं पर आधारित सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ।

........

**एसडीजी एचीवर्स अवार्ड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अल्मोड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 32 संगठनों, व्यक्तियों और समूहों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में छह जिलों को शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास केवल वर्तमान की आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, समृद्ध और संतुलित भविष्य का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के समन्वय के साथ कार्य कर रही है, ताकि विकास की गति भी बनी रहे और प्रकृति का संतुलन भी सुरक्षित रहे।

**लोकार्पण / शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अल्मोड़ा में करीब 138 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, नगर विकास और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेशभर में सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व्यवस्था एवं पेयजल योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जिला सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की आवश्यकताओं को ध्यान

में रखते हुए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से जिलावासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

**कृशि मंत्री**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके अलावा श्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री द्वारा राज्य के लिए घेरबाड़ के लिए घोषित 90 करोड़ रुपये की धनराशि के क्रम में पहली किश्त के रूप में 25 करोड़ रुपये शीघ्र राज्य को उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया।

**हरिद्वार कुंभ/बैठक**

हरिद्वार में अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों के तहत कुंभ क्षेत्र को हरा–भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा शुरू की जा रही 'हरित हरिद्वार' पहल को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में मेला नियंत्रण भवन में इसकी तैयारियों को लेकर अभियान के नोडल अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लगभग 45 गैर सरकारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि हर व्यक्ति इस अभियान से जुड़ाव महसूस करे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जरूरतों और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया जाएगा।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के संबंध में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने योजना के तहत अधिक से अधिक स्कूलों का सोशल ऑडिट कराने और इसमें कमियां पाए जाने पर संबंधित जिलों को सूचित करते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल मैपिंग और ट्रैकिंग तंत्र तैयार किया जाए। बच्चों की स्वास्थ्य जांच पर विशेष जोर देते हुए मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को एनीमिया आदि से पीड़ित बच्चों का उपचार सहित लगातार फॉलोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का स्थान विशेष विश्लेषण भी किया जाए, जिससे यह भी पता चल सके कि किस जिले या ब्लॉक के बच्चों में किस प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, ताकि उन क्षेत्रों में ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा सकें। बैठक में सचिव रविनाथ रमन ने पीएम पोषण

योजना की वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सरकार को प्रस्तावित की जाने वाली वार्षिक कार्य योजना और बजट को समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया।

## समर कैम्प

बागेश्वर के अटल उत्कृष्ट पदम सिंह परिहार राजकीय इंटर कॉलेज, वज्यूला में भारतीय भाषाओं पर आधारित सात दिवसीय समर कैंप का आज शुभारंभ हुआ। पहले दिन छात्र–छात्राओं को कुमाउंनी भाषा के ऐसे क्लिष्ट और विलुप्तप्राय शब्दों की जानकारी दी गई, जिनका प्रयोग वर्तमान समय में धीरे–धीरे कम होता जा रहा है। साथ ही हिंदी शब्दों के कुमाउंनी अर्थ और कुमाउंनी शब्दों के हिंदी अर्थों को समझाने की रोचक गतिविधियां कराई गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक आर्य ने कहा कि भारत, भाषाओं का समृद्ध देश है और विद्यार्थियों को भाषाई विविधता, उसके प्रयोग और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी होना बहुत जरूरी है।

छात्र हरेंद्र ने बताया कि समर कैंप में कुमाउंनी भाषा, लोकगीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बारे में नई जानकारी मिली।

## जांच अभियान

पौड़ी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन व पूर्ति विभाग द्वारा व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 57 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोटद्वार, दुगड्डा और पौड़ी में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर करीब 27 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विभाग द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पायी जाती है, तो संबंधित एजेंसी या प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।